# Daily Current Affairs

Date : 08 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान मृत शरीर का सम्मान अधिनियम, 2023 |
| 2. | मतदाता सूची का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाला पहला राज्य : राजस्थान |
| 3. | प्रस्तावित राष्ट्रीय जलमार्ग – 48 |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. मेहंदीपुर बालाजी के लिए हेलिकॉप्टर सेवा की शुरुआत<br>2. 'ऑनर रन' मैराथन<br>3. 'वंदे मातरम् की पुकार, श्रमिक सुरक्षा का विस्तार' प्रदर्शनी<br>4. ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट 2025 |
| 5. | 56वाँ भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, 2025 |
| 6. | बारामूला सभ्यता स्थल |
| 7. | गलवान युद्ध स्मारक और श्योक सुरंग परियोजना |
| 8. | नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) |
| 9. | चेन्नई व्लादिवोस्तोक कॉरिडोर |
| 10. | भारत-रूस आर्थिक परिदृश्य |
| 11. | भारत का भू-जल प्रदूषण संकट |
| 12. | प्रौद्योगिकी विकास विधि योजना |
| 13. | राइट टू डिस्कनेक्ट विधेयक |
| 14. | अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस, 2025: 4 दिसम्बर |
| 15. | राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस, 2025: 10 दिसम्बर |
| 16. | 70वाँ महापरिनिर्वाण दिवस |
| 17. | मेजर लीग सॉकर कप (MLS कप) |
| 18. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. "चुनौतियाँ मुझे पसंद है।" पुस्तक<br>2. मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: ओडिशा |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान मृत शरीर का सम्मान अधिनियम, 2023

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा 'राजस्थान मृत शरीर का सम्मान अधिनियम, 2023' के सभी प्रावधान राज्यभर में लागू किए गए।




### मुख्य बिन्दु:

- 'मृत शरीर का सम्मान अधिनियम' लागू करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है।
- इस कानून के लागू होने से अब राजस्थान में मृत शरीर को रखकर विरोध प्रदर्शन करना, लाश पर राजनीति करना और बिना वजह अंतिम संस्कार में देरी करना अपराध माना जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस अधिनियम को लागू करने का उद्देश्य मृत व्यक्ति की गरिमा को बनाए रखना है। साथ ही, ऐसे मामलों पर रोक लगाना है जहाँ मुआवजे या अन्य मांगों के लिए शवों का दुरुपयोग किया जाता है।
- इस अधिनियम के अनुसार, मृतक का अंतिम संस्कार 24 घंटे के अंदर करना अनिवार्य होगा। देरी सिर्फ मृतक के परिजन बाहर से आ रहे हों या फिर पोस्टमॉर्टम आवश्यक हो इन्हीं परिस्थितियों में स्वीकार्य होंगी।

**अधिनियम के प्रावधान :**

| क्र. सं. | कृत्य | सजा का प्रावधान |
|---|---|---|
| 1. | मृत व्यक्ति के परिवार के सदस्य द्वारा मृत शरीर को न लेना | एक वर्ष तक कारावास, शास्ति (अर्थदंड) या दोनों। |
| 2. | मृत व्यक्ति के परिवार के सदस्य द्वारा मृत शरीर का विरोध में उपयोग करना या किसी अन्य व्यक्ति को अनुमति देना | दो वर्ष तक कारावास और शास्ति (अर्थदंड)। |
| 3. | गैर-परिवार व्यक्ति द्वारा मृत शरीर का विरोध के लिए उपयोग करना | कम से कम छह माह से लेकर पाँच वर्ष तक कारावास तथा शास्ति (अर्थदंड)। |
| 4. | यदि किसी प्राधिकृत व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा किसी प्रकार की जैनेटिक (आनुवंशिक) डाटा सूचना और सूचना की गोपनीयता को प्रकट किया जाता है | कम से कम तीन वर्ष से लेकर दस वर्ष तक कारावास तथा शास्ति (अर्थदंड)। |
| 5. | मजिस्ट्रेट के 24 घंटे के नोटिस देने के बाद अगर परिवार शव लेने से इनकार करते हैं | एक वर्ष तक कारावास, शास्ति (अर्थदंड) या दोनों।<br>(इस स्थिति में पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराएगी और अंतिम संस्कार करवाएगी)। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मतदाता सूची का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाला पहला राज्य : राजस्थान

## चर्चा में क्यों?




- राजस्थान, विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 (SIR–2026) के तहत राज्य में मतदाता सूची का शत – प्रतिशत (100%) डिजिटाइजेशन करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

## मुख्य बिन्दु:

- शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन के अलावा राज्य में 97 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का मैपिंग कार्य भी पूर्ण हो चुका है।
- ज्ञातव्य है कि भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) की घोषणा के अनुरूप राजस्थान में 28 अक्टूबर, 2025 से 7 फरवरी, 2026 तक 'विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision - SIR)' की प्रक्रिया संचालित की जा रही है।
- राजस्थान में वर्ष 2025 की वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार 5 करोड़ 48 लाख 84 हजार 827 मतदाता है।

### महत्त्वपूर्ण तिथियाँ:

- 28 अक्टूबर – 3 नवम्बर, 2025 : प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्र के मुद्रण का कार्य।
- 4 नवम्बर – 4 दिसम्बर, 2025 : घर-घर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रहण कार्य।
- 9 दिसम्बर, 2025 : मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशन।
- 9 दिसम्बर, 2025 – 8 जनवरी, 2026 : दावे एवं आपत्तियों की अवधि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **9 दिसम्बर, 2025 – 31 जनवरी, 2026 :** नोटिस फेज, सुनवाई एवं सत्यापन कार्य।
- **7 फरवरी, 2026 :** अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन।
- **विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) :** भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) मतदाता सूचियों को अद्यतन करने की एक प्रक्रिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सटीक और त्रुटिरहित हों। यह अभ्यास यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य व्यक्ति सूची में शामिल न हो।
- **नोट :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एकीकृत ECINet ऐप / वेबसाइट लॉन्च की गयी है, इसमें 'बुक ए कॉल विद BLO' का भी फीचर उपलब्ध है, जिसके माध्यम से मतदाता BLO से सीधा संपर्क करते हुए विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **ज्ञानेश कुमार :** 19 फरवरी, 2025 को भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं।
- **डॉ. सुखबीर सिंह संधू :** 15 मार्च, 2024 को भारतीय निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में शामिल हुए। वे उत्तराखंड कैडर से 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- **डॉ. विवेक जोशी :** 19 फरवरी, 2025 को भारतीय निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में शामिल हुए। वे हरियाणा कैडर से 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- **राजस्थान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त :** राजेश्वर सिंह।
- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी (राजस्थान) :** नवीन महाजन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## प्रस्तावित राष्ट्रीय जलमार्ग – 48

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, तोजो विकास इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) को राज्य में प्रस्तावित राष्ट्रीय जलमार्ग – 48 से संबंधित हाइड्रोग्राफिक सर्वे की अंतिम रिपोर्ट सौंपी।




### मुख्य बिन्दु:

- इस रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि परियोजना से स्थानीय पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।
- इस परियोजना का एक भाग लूणी नदी टेक्सटाइल अपशिष्ट और रासायनिक प्रदूषण से अत्यधिक प्रभावित है। बालोतरा के बाद यह नदी अत्यधिक प्रदूषित हो जाती है।



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### परियोजना के बारे में :

- इस राष्ट्रीय जलमार्ग के तहत जालोर में एक इनलैंड पोर्ट भी प्रस्तावित है।

| क्रम | नदी/क्षेत्र का नाम | गुजरात | राजस्थान | कुल लंबाई |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कच्छ का रण | 410.04 किमी | 11.20 किमी | 421.24 किमी |
| 2. | लूणी नदी | - | 70.65 किमी | 70.65 किमी |
| 3. | जवाई नदी | - | 123.54 किमी | 123.54 किमी |
| कुल लंबाई | | 410.04 किमी | 205.39 किमी | 615.44 किमी |

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी (HLEOC)

- पश्चिमी राजस्थान की जीवनरेखा मानी जाने वाली जोजड़ी, बांडी और लूणी नदियों में जानलेवा प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी का गठन किया।
- **अध्यक्ष :** जस्टिस (रिटायर्ड) संगीत लोढ़ा।
- **प्रमुख सदस्य :** अतिरिक्त मुख्य सचिव (पर्यावरण विभाग), सदस्य सचिव (CPCB और RSPCB), मैनेजिंग डायरेक्टर (RIICO) और जोधपुर, पाली, बालोतरा के जिला कलेक्टर।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI)

- **गठन :** भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1985 के तहत 27 अक्टूबर, 1986 को।
- IWAI मुख्य रूप से उन जलमार्गों के विकास, रखरखाव और विनियमन के लिए जिम्मेदार है, जिन्हें राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के तहत राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है।
- **मुख्यालय :** नोएडा, उत्तर प्रदेश।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **वर्ष 2016 में 5 नए राष्ट्रीय जलमार्गों (NWs) की घोषणा के साथ ही देश में राष्ट्रीय जलमार्गों की कुल संख्या 111 हो गई है।**
- **कोयला, फ्लाई ऐश और लौह अयस्क आदि को अंतर्देशीय जल परिवहन (IWT) के माध्यम से आवाजाही के लिए किफायती और लागत प्रभावी माना जाता है, जो पर्यावरण के अनुकूल है और रेल और सड़क की तुलना में कम प्रदूषण फैलाते हैं।**
- **जिन जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित नहीं किया गया है, उनका विकास और विनियमन संबंधित राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में रहता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **मेहंदीपुर बालाजी के लिए हेलिकॉप्टर सेवा की शुरुआत**<br>■ 8 दिसम्बर, 2025 से दौसा में स्थित धार्मिक स्थल मेहंदीपुर बालाजी के लिए हेलिकॉप्टर सेवा की शुरुआत की गई।<br>■ मेहंदीपुर बालाजी 'पंच गौरव' में शामिल है। |
| 2. | **'ऑनर रन' मैराथन**<br>■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के अल्बर्ट हॉल से थलसेना की दक्षिण-पश्चिमी कमान की ओर से पूर्व सैनिकों की वीरता और बलिदान के सम्मान में आयोजित 'ऑनर रन' मैराथन को फ्लैग ऑफ किया।<br>■ यह मैराथन थल सेना दिवस (15 जनवरी, 2026) के उपलक्ष्य में जयपुर में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के क्रम में आयोजित की गई।<br>■ अल्बर्ट हॉल पर आयोजित ऑनर रन मैराथन में 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की 3 श्रेणियों की दौड़ आयोजित की गई। |
| 3. | **'वंदे मातरम् की पुकार, श्रमिक सुरक्षा का विस्तार' प्रदर्शनी**<br>■ केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, जोधपुर द्वारा महारानी उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'वंदे मातरम् की पुकार, श्रमिक सुरक्षा का विस्तार' थीम पर आधारित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।<br>■ इस प्रदर्शनी का आयोजन 6 से 10 दिसंबर, 2025 तक किया जाएगा। |
| 4. | **ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट 2025**<br>■ राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने हाल ही में ओडिशा के पुरी में आयोजित ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट 2025 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।<br>■ आयोजन : 5 से 7 दिसंबर, 2025 तक।<br>■ आयोजक : ओडिशा सरकार और टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## 56वाँ भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन 20 से 28 नवम्बर, 2025 तक गोवा की राजधानी पणजी में संम्पन्न हुआ।

### मुख्य बिन्दु:

- **वर्ष 2025 की थीम:** "युवा फिल्म निर्माता: भविष्य अब है।"
- **आयोजन:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम, गोवा।
- **फोकस कंट्री:** जापान
- **साझेदारी देश:** स्पेन
- **स्पॉटलाइट देश:** ऑस्ट्रेलिया
- **उद्घाटन फ़िल्म:** ब्राजील के लेखक गेब्रियल मस्कारो की "द ब्लू ट्रेल"।
- **उद्घाटन फ़िचर फिल्म –** अमरन (तमिल) ।
- **उद्घाटन गैर फ़िचर फिल्म -** काकोरी।
- **आयोजक:** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (NFDC), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार + एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा (ESG)।

**परिणाम/विजेता**

| क्र.सं. | पुरस्कार | विजेता |
|---|---|---|
| 1. | गोल्डन पीकॉक पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ फिल्म) | ■ लिथुआनिया की फिल्म – "टॉक्सिक" (सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म)<br>■ निर्देशक: सोले ब्लिडवाइट<br>■ दोस्ती वन कॉन्स के संपूर्ण सामाजिक आर्थिक परिवेश को चित्रित किया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| 2. | सिल्वर पीकॉक पुरस्कार | ■ सर्वश्रेष्ठ निर्देशक – बोगदान मुरेसानु (द न्यू ईयर देट नेवर कैम, रोमानिया)।<br>■ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – क्लेमेंटफाबू (होली कार, फ्रांस)।<br>■ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: वेस्टा माटलाइट और इवा (महिला) रूपिकाटे (टॉक्सिक)। |
| 3. | स्पेशल जूरी पुरस्कार | ■ फ्रांसीसी फिल्मकार लुइस कंर्वोइसियर (फिल्म – हॉली काउ)। |
| 4. | ICFT – यूनेस्को गाँधी पुरस्कार | ■ जॉर्जियाई फिल्म – क्रॉसिंग (निर्देशक – लेवान एकिन)। |
| 5. | सर्वश्रेष्ठ प्रथम श्रेणी फिल्म | ■ अमेरिकी फिल्मकार – सारा फ्राइडलैंड (फिल्म – "फैमिलियर टच")। |

### भारतीय फिल्में:-

| क्र.सं. | सम्मान | विजेता |
|---|---|---|
| 1. | सर्वश्रेष्ठ भारतीय फीचर फिल्म निर्देशक | नवज्योत बंदिवडेकर (मराठी फिल्म – घराट गणपति)। |
| 2. | सर्वश्रेष्ठ वेब सीरिज (OTT) | मराठी सीरिज "लंपन" (निर्देशक: कट्टर धर्म शिक्षक)। |
| 3. | भारतीय फिल्म पर्सनेलिटि ऑफ द ईयर | अभिनेता विक्रांत मैसी |
| 4. | विशेष सम्मान | फिल्मकार राकेश सिप्पी व अभिनेत्री जयाप्रदा |

■ **नोट:-** सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड – ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता फिलिप नॉयस।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## बारामूला सभ्यता स्थल

### चर्चा में क्यों?

- उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के जेहनपोरा क्षेत्र में खुदाई के दौरान कुषाण काल (लगभग 2000 वर्ष पूर्व) की एक प्राचीन बौद्ध साइट के अवशेष प्राप्त हुए है।

### मुख्य बिन्दु:

- **उत्खनन का आधार:** राजतरंगिणी (कल्हण) व यात्रा वृतांत।
- **उत्खनन कार्य:** कश्मीर विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ सेंट्रल एशियन स्टडीज (CCAS) और प्रदेश सरकार (अभिलेखाग़ार पुरातत्व और संग्रहालय विभाग)।
- **अवशेष:** तीन स्तूप, संरचानात्मक दीवारें, प्राचीन मिट्टी के बर्तन, ताँबे की वस्तुएँ और अर्द्धवृत्ताकार स्तूप।

**उत्खनन में शामिल आधुनिक तकनीक:**

- भू-भेदक रडार (GPR), डिजिटल मैपिंग, ड्रोन सर्वे, थ्रीडी डाक्यूमेंटेंशन।

**कश्मीर में बौद्ध धर्म:**

- यह खोज घाटी में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर कुषाणकालीन बौद्ध विरासत का साक्ष्य प्रस्तुत करती है तथा यह सिद्ध करती है कि बौद्ध धर्म का कश्मीर की संस्कृति से घनिष्ठ संबंध है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गलवान युद्ध स्मारक और श्योक सुरंग परियोजना

## चर्चा में क्यों?

- 7 दिसम्बर, 2025 को रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा निर्मित श्योक सुरंग सहित 125 सामरिक बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

## मुख्य बिन्दु:

- यह परियोजनाएँ 7 राज्यों एवं 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में अवस्थित है।
  - 7 राज्य: अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम।
  - केन्द्र शासित प्रदेश: लद्दाख व जम्मू कश्मीर।
- निर्माण लागत: 5000 करोड़ रुपये
- इनमें 28 सड़के, 93 पुल और 4 अन्य कार्य शामिल है।
- इसमें मुख्य रूप से गलवान युद्ध स्मारक और दारबुक श्योक दोलत बेग ओल्डी मार्ग पर स्थित रणनीतिक श्योक सुरंग का उद्घाटन है।
- श्योक सुरंग- 930 मीटर लंबी यह कट एंड- कवर सुरंग दुनियाँ के सबसे कठिन क्षेत्रों में एक है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में बड़े पैमाने पर हवाई उड़ाने रद्द होने के कारण DGCA ने नव कार्यान्वित उड़ान ड्यूटी समय सीमा नियमों में छूट प्रदान की है।

## मुख्य बिन्दु:

- ये नियम अधिकतम ड्यूटी घण्टों को सीमित करके तथा पर्याप्त विश्राम अवधि को अनिवार्य करके पायलट की थकान को रोकने के लिए बनाए गए हैं।

### नागरिक उड्डयन महानिदेशालय

- **स्थापना –** विमान अधिनियम में संशोधन के बाद 2020 में वैधानिक निकाय बना है।
- **प्रशासनिक नियंत्रण-** नागरिक उड्डयन मंत्रालय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## चेन्नई व्लादिवोस्तोक कॉरिडोर

### चर्चा में क्यों?

- रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य चेन्नई-व्लादिवोस्तोक कॉरिडोर को शुरू करने के लिए सहमति बन गई।

### मुख्य बिन्दु:




**पूर्वी समुद्री गलियारा (ईस्टर्न मैरीटाइम कॉरिडोर - EMC):**

- **चैन्नई-व्लादिवोस्तोक पूर्वी समुद्री गलियारा:** भारत के पूर्वी तट (चेन्नई बंदरगाह) को रूस के सुदूर-पूर्वी क्षेत्र (व्लादिवोस्तोक बंदरगाह) के बंदरगाहों से जोड़ने वाला एक समुद्री गलियारा है।
- यह जापान सागर, दक्षिण चीन सागर और मलक्का जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### गलियारा निर्माण के कारण:-

1. गाजा युद्ध से स्वेज मार्ग पर बढ़ता जोखिम।
2. यूक्रेन युद्ध से यूरोप के रास्ते रूस तक पहुँचने वाले पारंपरिक समुद्री मार्ग पर बाधाएँ।
3. पारंपरिक मार्ग 16,060 किमी. लंबा होने के कारण यात्रा में 40 दिन का समय लगता है।

### EMC के महत्व:

1. यह सिर्फ 10,370 किमी. है जिससे औसतन 24 दिन का समय लगता है।
2. **व्यापार का विविधीकरण –** इससे तेल, गैस, LNG, उर्वरक, कोयला, मशीनरी और धातु जैसे महत्त्वपूर्ण व्यापार क्षेत्रों में वृद्धि होगी।
3. **रसद लागत में कमी:** भारत अपनी कच्चे तेल की खपत का 85 प्रतिशत आयात करता है तथा जुलाई, 2024 में भारत, चीन को पिछे छोड़ते हुए रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीददार बन गया।
4. **भारत के समुद्री क्षेत्र में वृद्धि:** यह गलियारा भारत के समुद्री क्षेत्र में देश का लगभग 95 प्रतिशत (मात्रा के अनुसार) और 70 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर) व्यापार में योगदान देता है तथा साथ ही यह भारत के समुद्री विजन 2030 के अनुरूप है।
5. **सामरिक महत्त्व:** व्लादिवोस्तोक प्रशांत महासागर में स्थित सबसे बड़ा रूसी बंदरगाह है और यह गलियारा दक्षिण चीन सागर से होकर गुजरता है तथा क्षेत्र में चीन के प्रभुत्व को संबोधित करते हुए भारत की रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करता है।

### भारत के अन्य महत्त्वपूर्ण गलियारे:

1. **अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC):**

- INSTC, 7,200 किमी. लंबा बहुविध पारगमन मार्ग है, जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के माध्यम से कैस्पियन सागर से और रूस के सेंट पीटर्सबर्ग के माध्यम से उत्तरी यूरोप से जोड़ता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **शुरुआत:** वर्ष 2000 में भारत, ईरान और रूस के मध्य त्रिपक्षीय समझौते से।
- **शामिल देश:** 13 देश।
- **मार्ग-3 :** केन्द्रीय गलियारा (भारत से ईरान और रूस)।
- पश्चिमी गलियारा (अजरबैज़ान-ईरान-भारत)।
- पूर्वी गलियारा (रूस से मध्य एशिया)।

**2. भारत- मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) परियोजना:**

- **घोषणा:** वर्ष 2023 में G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान।
- **उद्देश्य:** भारत, मध्य पूर्व और यूरोप को रेलवे, सड़क एवं जहाज से रेल लिंक नेटवर्क के माध्यम से जोड़ना।
- **2 गलियारे:** 1. पूर्वी गलियारा (भारत-अरब की खाड़ी)। 2. उत्तरी गलियारा (अरब की खाड़ी से यूरोप)।

**3. उत्तरी समुद्री मार्ग (NSR):** 5600 किमी. लंबा आर्कटिक शिपिंग मार्ग है, जो बेरिंग और कारासागर को बेरिंग जलडमरूमध्य से जोड़ता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत-रूस आर्थिक परिदृश्य

## चर्चा में क्यों?

- 23 वाँ भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित हुआ।

## मुख्य बिन्दु:

### सम्मेलन के आर्थिक परिणाम –

- **आर्थिक कार्यक्रम-** 2030 – दोनों देशों ने ऊर्जा और रक्षा से आगे व्यापार में विविधता लाने के लिए 2030 तक भारत रूस आर्थिक सहयोग के रणनीतिक क्षेत्रों के विकास के लिए कार्यक्रम अपनाया।
- **व्यापार लक्ष्य –** दोनों पक्षों ने 2030 तक $100 बिलियन के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया। 2024-25 में यह व्यापार $ 68 बिलियन था।
- वस्तुओं एवं सेवाओं के प्रवाह को सुगम बनाने के लिए भारत और यूरेशियाई आर्थिक संघ के मध्य मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता को तीव्र किया गया।
- **भुगतान तंत्र –** पश्चिमी देशों की भुगतान प्रणालियों पर निर्भरता घटाने के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन निपटान का विस्तार करने तथा भुगतान प्रणालियों और सेन्ट्रल बैंक डिजिटल करेंसीज की अंतर-संचालनीयता पर सहमति बनी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## भारत का भू-जल प्रदूषण संकट

### चर्चा में क्यों?

- केन्द्रीय भू-जल बोर्ड ने भारत के जलभृतों में विषाक्त प्रदूषकों में चिंताजनक वृद्धि को उजागर किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- **वस्तु स्थिति –** भारत में विश्व की 18% जनसंख्या, लेकिन मीठे जलसंसाधन का केवल 4% उपलब्ध।
- भारत अपनी ग्रामीण पेयजल आवश्यकताओं के लगभग 85% तथा सिंचाई जल के लगभग 60% के लिए भू-जल पर निर्भर।

**भूजल प्रदूषण का संकट –**


- भारत के जलभृतों में आर्सेनिक, फ्लोराइड, नाइट्रेट, यूरेनियम, लवणता तथा भारी धातुओं का संदूषण एक साथ पाया जाता है।
- लगभग 20% नमूनों में यूरेनियम, फ्लोराइड, नाइट्रेट व आर्सेनिक जैसे प्रदूषक स्वीकार्य सीमा से अधिक है।
- पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में यूरेनियम की सांद्रता चिंताजनक है।
- मध्य भारत में फ्लोराइड और नाइट्रेट की सान्द्रता में वृद्धि देखी गई है जो शस्य गहनता से जुड़ी है।
- पूर्वी राज्यों में आर्सेनिक की समस्या चिंताजनक है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### बढ़ते संकट के कारण –

- **कृषि जनित प्रदूषण –** जैसे नाइट्रेट विक्षालन।
- **भू जनित –** फ्लोराइड व आर्सेनिक संदूषण।
- **मानवजनित कारक :** जैसे औद्योगिक अपशिष्ट, अनुपचारित मलजल, लैंडफिल रिसाव, शहरी अपशिष्ट डंपिंग आदि।
- **कमजोर भू-जल प्रशासन –** जैसे भूमि स्वामित्व के साथ भू-जल स्वामित्व का होना, खण्डित संस्थागत भूमिकाएँ।

### सरकारी पहलें



# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## प्रौद्योगिकी विकास विधि योजना

### चर्चा में क्यों?

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने प्रौद्योगिकी विकास निधि (TDF) योजना के तहत् विकसित प्रौद्योगिकियाँ तीनों सेवाओं को सौंप दी हैं।

### मुख्य बिन्दु:

**प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना-**

- **क्रियान्वयन –** यह रक्षा मंत्रालय का कार्यक्रम हैं जिसे मेक इन इंडिया पहल के तहत् DRDO द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।
- **योजना अवधि –** 4 वर्ष
- **उद्देश्य –** रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ाना।
- **वित्त पोषण –** यह योजना अनुदान सहायता के रूप में परियोजना लागत का 90% तक वित्त पोषण प्रदान करती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## राइट टू डिस्कनेक्ट विधेयक

### चर्चा में क्यों?

- लोकसभा में एक गैर-सरकारी सदस्य द्वारा राइट टू डिस्कनेक्ट विधेयक प्रस्तुत किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- यह विधेयक कर्मचारियों के कल्याण के लिए कर्मचारी कल्याण प्राधिकरण की स्थापना का लक्ष्य रखता है। इससे कर्मचारियों को कार्य घण्टों के बाद और छुट्टियों के दौरान कार्य से संबंधित कॉल व ई-मेल से डिस्कनेक्ट होने का अधिकार प्रदान किया जा सकेगा।
- **गैर सरकारी विधेयक –** वह विधेयक जिसे मंत्री के अलावा किसी संसद सदस्य ने प्रस्तुत किया हो।
- **राइट टू डिस्कनेक्ट –** यह मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद-24 पर आधारित है, जिसके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को आराम और अवकाश का अधिकार है, जिसमें कार्य घण्टों की उचित सीमा तथा सवैतनिक छुट्टियाँ शामिल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस, 2025: 4 दिसम्बर

**मुख्य बिन्दु:**

- **शुरुआत:** वर्ष 2010 में डॉ. लॉरी मार्क (संस्थापक – चीता संरक्षण निधि) के द्वारा।
- **थीम:** "परिदृश्य पुनर्जीवित करे, भविष्य को पुनर्स्थापित करे"।
- **स्थिति –** IUCN के अनुसार-

  **A. सभी चीता उप-प्रजातियाँ:** संकटग्रस्त।

  **B. एशियाई और उत्तर-पश्चिमी अफ्रिकी चीते:** अति संकटग्रस्त।
- **भारत में स्थिति:** वर्ष 1952 में विलुप्त घोषित तथा वर्ष 2022 में पुनर्वास।
- **प्रमुख केन्द्र:** कूनो व गाँधी सागर अभयारण्य (मध्यप्रदेश)।
- **प्रोजेक्ट चीता:** वर्ष 2022 में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से चीतों को लाकर पुनर्वास।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस, 2025: 10 दिसम्बर

## मुख्य बिन्दु:

- **समारोह:** 10 दिसम्बर, 2025 को भारत मंडपम में।
- **कारण:** 10 दिसम्बर, 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा (UDHR) की स्मृति में मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की थीम:** "मानवाधिकार, हमारी दैनिक आवश्यकताएँ"।
- **संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद्:** स्थापना: वर्ष 2006।
- **संस्थापक सदस्य:** भारत सहित 47 देश।
- **सचिवालय:** मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (OHCHR) (जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड)।

### मानवाधिकार और भारत:

- **संविधान:** मौलिक अधिकारों (भाग 3) व राज्य नीति निर्देशक सिद्धांत (भाग 4) में उल्लेख।
- **प्रस्तावना:** न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व।
- **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग:** वर्ष 1993 में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत् स्थापित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 70वाँ महापरिनिर्वाण दिवस

## चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री ने संसद परिसर में महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को पुष्पांजली अर्पित की।

## मुख्य बिन्दु:

- **महापरिनिर्वाण दिवस –** यह दिवस प्रतिवर्ष 6 दिसम्बर को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

**योगदान: डॉ. अम्बेडकर :-**

- **समाचार पत्र :** मूकनायक
- **संस्था :** बिहष्कृत हितकारिणी सभा/बहिष्कृत जाति कल्याण संघ – वर्ष 1923 की स्थापना।
- **जातिगत पदानुक्रम व पुरोहिती प्रभुत्व को चुनौती –** जैसे सार्वजनिक जल तक पहुँच के लिए मार्च -1927 तथा कालाराम मंदिर में मंदिर प्रवेश आंदोलन- वर्ष 1930।
- **पूना समझौता 1932 –** डॉ. अम्बेडकर की महत्त्वपूर्ण भूमिका जिसने दलितों के लिए पृथक निर्वाचन क्षेत्रों के स्थान पर आरक्षित सीटें स्थापित की।
- **संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष :-** अम्बेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 1948 में एक मसौदा प्रस्तुत किया, जिसे न्यूनतम परिवर्तनों के साथ 1949 में अपनाया गया।
- समानता और न्याय पर उनके जोर ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा करने वाले प्रावधानों को सुनिश्चित किया, जिससे समावेशी लोकतंत्र की नींव रखी गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## मेजर लीग सॉकर कप (MLS कप)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अमेरिकन फुटबॉल क्लब इंटर मियामी ने पहली बार मेजर लीग सॉकर कप (MLS कप) जीत लिया है।

### मुख्य बिन्दु:

- **फाइनल:** फाइनल में लियोनेल मेसी की टीम इंटर मियामी ने वैंकूवर व्हाइटकेप को हराया।
- यह मैसी के करियर का 48वाँ खिताब है।
- यह मेसी का इंटर मियामी के साथ चौथा टाइटल है।
- मैसी को लगातार दूसरे सीजन मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर अवॉर्ड दिया गया। उन्होंने सीजन में 43 गोल और 26 असिस्ट किए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **"चुनौतियाँ मुझे पसंद है।" पुस्तक**<br>■ हाल ही में, केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री ने अहमदाबाद में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्त "चुनौतियाँ मुझे पसंद है" गुजराती संस्करण का विमोचन किया। |
| 2. | **मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: ओडिशा**<br>■ हाल ही में, ओडिशा सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) परिवारों की लड़कियों को शादी में 51000 रुपये सहायता हेतु मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू की।<br>■ इसमें 35000 रुपये सीधे आर्थिक सहायता और 10000 रुपये के शादी उपहार शामिल है।<br>■ विधवा महिलाओं के पुनर्विवाह भी इस योजना के दायरे में है। |

CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR